कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल।

लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम नैनीताल के अंर्तगत कार्यालय सहायक पद हेतु

सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम नैनीताल कार्यालय हेतु 01 कार्यालय सहायक की नियुक्ति की जानी है। उक्त 01 कार्यालय सहायक के पद हेतु टाईपिंग परीक्षा दिनांक 25.11.2026 को प्रातः 10:00 बजे से करायी जानी सुनिश्चित है। कार्यालय सहायक हेतु आयोजित टाईपिंग परीक्षा में क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थियों की साक्षात्कार परीक्षा दिनांक 30.11.2026 को समय सायं 04:00 बजे से आयोजित की जायेगी।

अतः सभी आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने समस्त मूल दस्तावेजों के साथ मीटिंग हॉल, जिला न्यायालय परिसर नैनीताल में नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

19/11/26

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
नैनीताल / सिविल जज (सी0डि0)
नैनीताल।